हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026

06 रतन बाई स्कूल में स्वच्छता साक्षरता ...



07 शांतिधारा और अभिषेक कर मदन मोहन दरबार में...





## खबर संक्षेप

### बेतवा के संरक्षण के लिए कल होगी बैठक

**विदिशा।** शहर की जीवनदायनी बेतवा नदी प्रदूषण और घटते प्रवाह के कारण गंभीर संकट का सामना कर रही है। इस स्थिति को लेकर जनजागरण और संरक्षण प्रयासों की रूपरेखा बनाने विदिशा सांस्कृतिक गौरव उत्थान सिविल सोसाइटी की बैठक 8 फरवरी रविवार दोपहर 12 बजे बाढ़ वाले गणेश मंदिर मार्ग से बेतवा नदी के मध्य होगी। देवेंद्र सिंह राठौर, अतुल तिवारी, राजेंद्र कटारे और नीरज चौरसिया के समर्थन से होने वाली बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### डॉ विमल मेहरा प्रदेश महासचिव नियुक्त



**विदिशा।** जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन मप्र की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में जूडा के अध्यक्ष डॉ विमल मेहरा को प्रदेश महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही विदिशा मेडिकल कॉलेज के डॉ आदित्य आनंद को प्रदेश सहसचिव एवं डॉ वैभव अग्रवाल को लीगल एडवाइजर बनाया गया। डॉ विमल ने बताया की जूडा मप्र हमेशा से ही रेजिडेंट डॉक्टरों की मांगों को लेकर आंदोलन करता रहा हैं और आम जन की स्वास्थ्य सेवा के प्रति सदैव सचेत रहा है। स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और साफ़ सफाई जैसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

### टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ

**ग्यारसपुर।** महाकाल क्रिकेट क्लब द्वारा ग्राम हिम्मतपुर काला पाठा में टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 41 हजार नगद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 12 हजार नगद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य गायत्री रघुवंशी ने किया। इस दौरान सरपंच गोविंद सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद खेल महोत्सव में विधानसभा स्तर तक पहुंची सौसेरा टीम का सम्मान किया गया।

### संत रविदास जयंती पर निकला चल समारोह

**ग्यारसपुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को ग्यारसपुर में भव्य चल समारोह निकाला गया। छापर मोहल्ला से प्रारंभ हुआ यह समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रविदास धाम तहसील प्रांगण पहुंचा। पूजा-अर्चना के बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने संत रविदास के समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन लाल अहिरवार ने की। अनेक जनप्रतिनिधि, समाजजन और कलाकार उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व पुष्पवर्षा से वातावरण भक्तिमय बना, वहीं अनुशासित आयोजन ने सामाजिक एकता का संदेश दिया।

### मुन्ने खां पर जिला बदर का आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त मुन्ने खां उर्फ अख्तर अली पिता मुबारिक अली उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम मलनिया थाना लटेरी को जिलाबदर कर दिया है। उसे विदिशा सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर और राजगढ़ जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहना होगा।

### भोपाल में आज से शुरू होगा आदि महोत्सव

**विदिशा।** जनजातीय संस्कृति, शिल्प और विरासत का संगम आदि महोत्सव 7 से 15 फरवरी तक भोपाल हाट बाजार में आयोजित होगा। देशभर के कारीगरों के हस्तशिल्प, वन उत्पाद, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण रहेंगी। ट्राइफेड ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन होगा।



## 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन, इंदौर की आतिशबाजी देखने 50 हजार से अधिक लोग पहुंचे, मेला परिसर के हर गेट पर तैनात रहे टीआई स्तर के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को रामलीला में रावण दहन हुआ। करीब 30 हजार लोगों की भीड़ मेला परिसर में पहुंची। रावण दहन और आतिशबाजी देखने शाम 5 बजे से ही लोग मेला परिसर की बैठक व्यवस्था में पहुंचना शुरू हो गए थे।

30 हजार लोगों की भीड़ से पूरा मेला परिसर शाम 7 बजे ही खचाखच भर चुका था। विदिशा, भोपाल और इंदौर की आतिशबाजी देखने के लिए भीड़ देर रात तक डटी रही। देर रात 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। करीब एक घंटे तक आकर्षक और रंगीन आतिशबाजी की गई। रामलीला मेला समिति के सेक्रेटरी डॉ. अनिल शर्मा ने बताया 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के बैठने का इंतजाम किया गया। पहली बार 4 एलईडी लगाकर मंचन लाइव देखने का इंतजाम किया। इंदौर, भोपाल, विदिशा के कलाकार इलेक्ट्रिक फायर शो का प्रदर्शन किया गया। अशोकनगर रोड पर भारी वाहनों की एंट्री शाम 4 से रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रही। 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं की सुरक्षा में 250 से ज्यादा जवान तैनात रहे। 32 सीसीटीवी और 4 बड़ी एलईडी लगाकर मेला क्षेत्र की निगरानी की गई।



### विरोध प्रदर्शन : माधवगंज पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में धरना कहा: गरीब मजदूरों के अधिकारों पर प्रहार

**सरकार पर कॉर्पोरेट हित साधने का आरोप, माधवगंज चौराह पर नेताओं ने किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मनरेगा योजना को पूर्ववत यथावत रखने की मांग और केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए प्रावधानों के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने माधवगंज चौराह पर धरना दिया।

धरने में जिला कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में शुरू की गई मनरेगा योजना ने गरीब श्रमिकों को गरिमा के साथ आजीविका प्रदान की, लेकिन वर्तमान सरकार इसे समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने मांग की कि योजना को पुराने स्वरूप में ही जारी रखा जाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि सरकार अपने चुनिंदा कॉर्पोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए मनरेगा को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से ही भाजपा की नीतियों के कारण संकट में हैं और भारत-अमेरिका ट्रेड डील से विदेशी किसानों के लिए बाजार खोलना भारतीय किसानों की आय पर सीधा प्रहार है। प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री से इस मुद्दे पर जवाब मांगा, जबकि नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने नए प्रावधानों को किसानों-मजदूरों के खिलाफ साजिश बताया। धरने को रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, पंकज जैन, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी, प्रियंका किरार, रमेश तिवारी, विनीत दांगी आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** माधवगंज पर आयोजित धरना प्रदर्शन में शहर के वरिष्ठ कांग्रेसियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण गरीब परिवारों की आजीविका का प्रमुख सहारा है। सरकार द्वारा किए जा रहे बदलावों से गरीब और मजदूर वर्ग पर सीधा नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है, इसलिए योजनाओं के नाम बदलना इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर 'जी राम जी' करना गरीबों के अधिकारों पर हमला है और भगवान के नाम का राजनीतिक उपयोग है।

## डी मार्ट के विरोध में निकालेंगे मशाल जुलूस, सौंपेंगे ज्ञापन

**मल्टीनेशनल कंपनियों के खिलाफ चौथे दिन जारी रहा धरना, छोटे व्यापारियों पर संकट का आरोप**




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डी मार्ट एवं मल्टीनेशनल कंपनियों के खिलाफ शहर के व्यापारियों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा।

छोटा सर्राफा संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सोनी ने पदाधिकारियों के साथ आंदोलन को समर्थन दिया। नरेंद्र सोनी तथा संरक्षक राजकुमार सर्राफ ने मल्टीनेशनल कंपनियों को देश के खुदरा व्यापार के लिए दीमक बताया। शैलेन्द्र सोनी ने आश्वस्त किया कि छोटे व्यापारियों की इस लड़ाई में सर्राफा संघ पूरी मजबूती से साथ खड़ा रहेगा। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन और पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ने सरकार पर बड़ी कंपनियों को रियायतें देने तथा लघु, सूक्ष्म व कुटीर उद्योगों पर कर का बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। महासंघ उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कहा कि रिटेल व्यापार में बड़े औद्योगिक घरानों के प्रवेश से छोटे व्यापारी प्रभावित हुए हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज जैन और महामंत्री नरेन्द्र धनवानी ने व्यापारियों से विरोध जारी रखने का आह्वान किया। अब मशाल जुलूस, डी मार्ट व मल्टीनेशनल कंपनियों की प्रतीकात्मक अर्थी तथा सांसद-विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## विधायक टंडन ने जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुलाबगंज

शुक्रवार को विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में जनसुनवाई की। ग्रामीणों ने विधायक के सामने कई समस्याएं रखीं।

गूलरखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी ने कहा कि पेयजल समस्या को देखते हुए जल निगम द्वारा जल्दी पाइप लाइन डालने आवेदन दिया। साथ ही गूलरखेड़ी में सीमांकन अनुभवी टीम द्वारा कराए जाने की मांग की। नल जल योजना की समस्या लेकर गुलाबगंज पंचायत से भी हितग्राही पहुंचे। विधायक ने इस चालू कराने का आदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया। जनसुनवाई में जनपद सीईओ जितेंद्र जैन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग, जनपद सदस्य जगदीश सिंह दांगी, मुकेश चौकसे, सरपंच प्रतिनिधि आकाश खत्री, राहुल दांगी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।


## अंग्रेज की कब्र मामले में हरकत में आया प्रशासन, मौके पर जांच पंचनामा तैयार

- कब्र को स्मारक के रूप में विकसित करने की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के बसस्टैंड के पास स्थित अंग्रेज की कब्र पर अतिक्रमण को लेकर अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर अब साफ तौर पर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आया और तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर कार्रवाई की गई।

तहसीलदार द्वारा पटवारी नरेंद्र साहू एवं चौकीदार को मौके पर भेजा गया, वहीं शिकायतकर्ता एवं समाजसेवी रामदयाल कोरी को भी मौके पर बुलाया गया। मौके पर पहुंचकर कब्र जिस शासकीय भूमि पर बनी हुई है, उसकी विधिवत नाप-तौल की गई तथा पंचनामा तैयार किया गया।



### कब्र को स्मारक के रूप में विकसित करने मांग

शिकायतकर्ता रामदयाल कोरी ने बताया कि जिस भूमि पर अंग्रेज की कब्र स्थित है, वह मप्र शासन की शासकीय भूमि है। उल्लेख खसरा रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने मांग की कि उक्त एक बिस्वा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर संरक्षित एवं सुरक्षित किया जाए तथा कब्र को स्मारक के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा निभाई जाए। पटवारी नरेंद्र साहू ने बताया कि तहसीलदार के आदेश पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई है एवं पंचनामा तैयार किया गया है। तैयार पंचनामा तहसीलदार को सौंपा जाएगा, जिसके बाद आगे की कार्रवाई प्रशासन स्तर पर की जाएगी। अखबार में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## विधायक उमाकांत शर्मा ने विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

शुक्रवार को लटेरी में विधायक उमाकांत शर्मा ने विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिपं सीईओ ओमप्रकाश सनोडिया मौजूद रहे। विधायक ने विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। हितग्राही मूलक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर एसडीएम लटेरी नितिन जैन, सीईओ लटेरी उदयप्रताप सिंह, एसडीओपी सोनू डावर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एसएटीआई में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित विद्यार्थियों ने जानी शासकीय खरीद की प्रक्रिया

**विदिशा।** एसएटीआई में रोजगार एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केंद्र मप्र (सेडमैप) द्वारा शासकीय खरीद प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में स्वरोजगार की भावना विकसित करना, एमएसएमई पंजीयन, स्टार्टअप रजिस्ट्रेशन, शासकीय योजनाओं तथा जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद प्रक्रिया में विक्रेता के रूप में शामिल होने की जानकारी देना रहा। प्रमुख वक्ताओं में जयंती कुमारी, सतीश पवार एवं रितु साहू शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. वायके जैन, डॉ. आलोक जैन सहित संस्थान के प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार गावड़े ने किया।

### बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देश में की कार्रवाई

## मेले में भिक्षा मांगते मिले 8 बच्चे, टीम ने पूछताछ कर अभिभावकों को कानूनी कार्रवाई चेतावनी दी

**शनिमंदिर और नदीपुरा क्षेत्र के आसपास के थे सभी बच्चे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के तहत रामलीला मेले में कार्रवाई की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने भिक्षावृत्ति करते पाए गए 8 बच्चों को रोका और उनसे पूछताछ की। जानकारी में सामने आया कि सभी बच्चे नदीपुरा एवं शनि मंदिर क्षेत्र के आसपास के निवासी हैं और मेले में भिक्षा मांगने आए थे। टीम द्वारा बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उन्हें परामर्श और समझाइश दी गई। इसके बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

अभिभावकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि बच्चों से भिक्षावृत्ति कराना किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम की धारा 76 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। साथ ही उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रामबाबू प्रजापति, सदस्य चंद्रभान सिंह बघेल, दीवान सिंह, सुनीता दांगी एवं लक्ष्मी शर्मा उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुज कुमार जैन, संतोष रघुवंशी और महेंद्र धाकड़ सहित विशेष किशोर पुलिस इकाई की आरक्षक ममता चौहान तथा श्रम विभाग की निरीक्षक देवनंदनी बघेल ने सहयोग किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती लोढ़ा ने बताया कि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उन्हें शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



**विदिशा।** बच्चों और उनके पालकों को समझाइश देते हुए समिति पदाधिकारी।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6230
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6550
चना
न्यूनतम भाव-4102
उच्चतम भाव-5661
मसूर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5950
ज्वार
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6300
मक्का
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव-1566
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2915
उच्चतम भाव-3426
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4255
तुअर
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6300
उड़द
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7610
गेहूं
न्यूनतम भाव -1790
उच्चतम भाव- 3272
धनिया
न्यूनतम भाव-8800
उच्चतम भाव-8800

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 9598 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### सड़क से नीचे उतरकर फंसी कार



**गंजबासौदा।** बीती रात पचमा बायपास रोड पर शराब दुकान के सामने भीड़ के कारण एक गाड़ी रोड से नीचे उतर गई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात नगर में बडी संख्या में शादी विवाह समारोह आयोजित हो रहे थे। जिससे नगर के हर मार्ग पर वाहनों की संख्या अधिक रही और यातायात दबाब भी काफी रहा। इस बीच पचमा बायपास मार्ग पर भी भीड भाड अधिक थी। साथ ही शराब दुकान के आसपास शराब पीने वालों का भी जमावडा लगा हुआ था। ऐसे में वहां से गुजर रही एक कार को चालक ने भीड से बचकर निकालने का प्रयास किया। इस बीच कार सडक से नीचे उतरकर एक निचली जगह में फंस गई और एक ओर से पूरी तरह ऊपर उठ गई। बाद में नागरिकों की मदद से कार की सवारियों को सुरक्षित निकाला गया और कार पर एक ओर दबाब डाला गया और फिर उसे बाहर निकाला गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर में घायल बुजुर्ग की हुई मौत, ग्रामीणों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गत दिवस ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में घायल हुए बुजुर्ग की मौत के बाद शुक्रवार को आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने ग्राम नयागांव में मुख्य मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह प्रदर्शन दोपहर करीब 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक जारी रहा। परिजनों की मांग थी की टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर चालक पर कार्रवाई की जाए। पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव टापरा निवासी 60 वर्षीय परसराम महाराज गुरुवार सुबह अपने घर से गांव के मंदिर में रामायण पाठ के लिए जा रहे थे। रास्ते में एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान परसराम महाराज की मौत हो गई।

दोपहर में वृद्ध का शव लेकर ग्रामीण और परिजन वापस गांव लौटे और इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों ने शव को त्योंदा मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीडित परिजन एवं ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस ने अब तक ट्रैक्टर चालक का पता नहीं लगाया है और न ही उस पर कोई कार्रवाई की है। ग्रामीण ट्रैक्टर जब्त करने और चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे त्योंदा थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि ग्रामीण ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर चक्का जाम कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों और परिजनों से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र ट्रैक्टर जब्त किया जाएगा और चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी के इस आश्वासन के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों का रोष शांत हुआ और उन्होंने प्रदर्शन समाप्त कर मृतक का अंतिम संस्कार किया। जिससे करीब दो घंटे बाद त्योंदा बागरोद मार्ग पर यातायात बहाल हो सका।

## स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर में चल रही हैं गतिविधियां

# रतन बाई स्कूल में स्वच्छता साक्षरता पाठशाला का किया गया आयोजन

वाहरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को दृष्टिगत रखते हुए गंजबासौदा। नगर पालिका परिषद गंजबासौदा (ULB CODE 802308) द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को दृष्टिगत रखते हुए रतन बाई स्कूल परिसर में स्वच्छता साक्षरता पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कचरा प्रबंधन की सही और व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा एवं आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से आईईसी गतिविधि समन्वयक अभिषेक शर्मा द्वारा दी गई। उन्होंने बच्चों को सूखा, गीला एवं अन्य सभी प्रकार के कचरे का पृथक्करण, डस्टबिन के रंगों (कलर कोडिंग) के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार कचरा अलग-अलग कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाया जा सकता है, इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज में विजेता विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव मयंक टांक, प्राचार्य बृजेश कुमार रिछारिया, उपप्राचार्य रामेश्वर शर्मा, शिक्षक राकेश राजपूत, शिव शंकर चौरसिया, शैलेंद्र चौरसिया सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि इस प्रकार के स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम नगर के अन्य विद्यालयों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के प्रति जागरूक किया जा सके।

# बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय शासकीय फ्रीगंज हाई स्कूल में एक सप्ताह से चल रहे कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का विद्वान सम्मान के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में आईटीआई गंजबासौदा में कोपा विभाग प्रमुख राजेश कुमार दांगी, गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल से प्रहलाद भावसार एवं शिक्षाविद दिनकर कद्रे की उपस्थिति में कक्षा 10 के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उच्च अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने एवं कक्षा 11 में प्रवेश लेने के लिए विषय चयन में मदद की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरके दांगी ने बताया कि दसवीं के बाद छात्र आईटीआई संस्थान से कंप्यूटर में डिप्लोमा प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही आईटीआई में डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन जैसी कई विधाएं संचालित हैं, जिनमें प्रवेश लेकर वे अच्छा भविष्य बना सकते हैं। गर्ल्स स्कूल के व्याख्याता प्रहलाद भावसार ने बच्चों को कॉमर्स संकाय में प्रवेश लेकर अपने रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया। कोई भी शासकीय-अशासकीय संस्थान हो वहां पर कॉमर्स विभाग के व्यक्ति को रोजगार के अवसर होते हैं। शिक्षाविद दिनकर कद्रे ने कहा कि छात्रों को सबसे पहले बोर्ड परीक्षाओं पर ध्यान रखना चाहिए। वर्तमान का परीक्षा परिणाम सही आने पर भविष्य की योजनाओं पर अपने दिमाग को फोकस करना चाहिए। आपके सामने असली चुनौती बोर्ड परीक्षाएं हैं, जिसमें अच्छे से अच्छे अंक लाकर हम सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं।

संस्था प्राचार्य सुनीता पाराशर ने कहा कि बच्चों को हम बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। परीक्षा परिणाम भी अपेक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सुनीता दिवाकर ने किया। स्कूल के शिक्षक प्रकाश व्याग्रे ने भी विचार रखे। संस्था द्वारा विद्वानों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

# न्यायाधीश सृष्टि कुशवाह ने कल्पना चावला, मलाला युसुफजई के उदाहरण देकर स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गंज में 30 जनवरी से 05 फ़रवरी तक लगाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ . अनामिका प्रजापति के सफल निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड गंजबासोदा , विशेष अतिथि एसजीएस प्राचार्य डॉ नरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शर्मा, एसजीएस एनएसएस प्रभारी घनश्याम चौकसे, महाविद्यालय प्राचार्य अनामिका प्रजापति उपस्थित रही। मुख्य अतिथि सृष्टि कुशवाह ने स्वयं सेवकों ,विद्यालय के बच्चों को कल्पना चावला मलाला यूसफ़ज़ई तथा अन्य सशक्त नारियों के उदाहरण देकर महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने लक्ष्य और उद्देश लिए मोटिवेट किया। साथ ही उन्होंने विधिक साक्षरता और मानवाधिकार से संबंधित जानकारी स्वयं सेवकों को प्रदान की। एसजीएस प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने एनएसएस के सिद्धान्तों को केवल सात दिन नहीं अपितु अपने सम्पूर्ण जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में सभी को इस सफल आयोजन की बधाई दी और साथ ही इसी तरह अच्छे कार्य करके अपने महाविद्यालय को ऊंचाइयों पर पहुँचाने की कामना की। स्वयं सेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। सम्माननीय अतिथियों ने स्वयंसेवकों को मेडल और ट्रॉफी वितरण की। समापन सत्र में समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में निखिल शर्मा ,नेतराम कोरी का सहयोग रहा। आभार व्यक्त एन एस एस अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा किया गया।

## जयस्तंभ से बरेठ रोड का अतिक्रमण हटाया

**गंजबासौदा।** जयस्तंभ चौक से बरेठ रोड के बीच में सड़क चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन जयस्तंभ के आसपास फुटपाथ पर बनी दुकानें और गुमठियों का सामान सड़क पर रखा होने से सड़क निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही थी और सड़क चौड़ीकरण भी नहीं हो पा रहा था। शुक्रवार को नगर पालिका के राजस्व अमले ने जेसीबी की मदद से सड़क के एक साइड का पूरा अतिक्रमण हटा दिया। मालूम हो कि बरेठ रोड पर विद्युत कंपनी कार्यालय के सामने सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने नगर पालिका की टीम जब जेसीबी लेकर पहुंची। तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया और दुकानदारों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया जबकि शेष चबूतरों एवं अस्थाई निर्माण को जेसीबी की मदद से तोडकर हटाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर सड़क संकीर्ण होने और बीच में डिवाइडर होने के चलते भारी वाहन निकलते समय जाम की स्थिति बन जाती थी। लगातार नगर पालिका इस तरफ अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण करने का प्रयास कर रही थी। इस बार सख्ती से जेसीबी लाकर जब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई तो सड़क चौड़ी दिखाई देने लगी। कार्रवाई के दौरान नपा उपयंत्री मोहिनी कोरी के साथ वरुणेंद्र चौबे और नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। अतिक्रमण हटने के बाद अब सड़क निर्माण का काम तेजी से शुरू हो सकेगा।

## विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम ऊहर में आयोजित हुई ओपीडी

# ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता शिविर लगाकर दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व कैंसर दिवस पर ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता सत्र एवं ओपीडी का आयोजन ग्राम उहर में संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर किया गया। गंजबासौदा ब्लॉक की ग्राम उहर में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता सत्र एवं निःशुल्क ओपीडी शिविर का यह कार्यक्रम शासकीय विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। जिसमें 113 से अधिक स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता की। जागरूकता सत्र के दौरान संजीवनी टीम द्वारा ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, शिक्षा तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। महिलाओं एवं किशोरियों को पौष्टिक आहार, एनीमिया से बचाव तथा उपलब्ध स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं का नियमित लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं किशोरियों को विशेष रूप से ब्रेस्ट कैंसर के विषय में जागरूक किया गया। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, समय पर पहचान, स्व-परीक्षण (Self Breast Examination) की विधि तथा नियमित जांच के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही यह संदेश दिया गया कि प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर ब्रेस्ट कैंसर का सफल उपचार संभव है।

कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय उहर के शिक्षिकगण शिल्पा अग्रवाल, किरण पांडे एवं मोहित अग्रवाल, नीलम सहित विद्यालय स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। संस्थान की टीम द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए गए तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया। संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील द्वारा संचालित ओपीडी सेवाओं के अंतर्गत लगभग 82 मरीजों की जांच की गई। जांच एवं उपचार सेवाओं में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन (HB) परीक्षण, एलर्जी, बच्चों की सर्दी-खांसी तथा अन्य सामान्य रोगों का निःशुल्क निदान एवं उपचार किया गया और लोगों को रोगों के बचाव के उपाय भी बताए गए। इस मौके पर बडी संख्या में पुरूष, महिलाएं, किशोरी बालिकाएं और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सामूहिक तीर्थयात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों का किया भव्य स्वागत

## साथ लाए गंगाजलि व पवित्र जल की विधिवत की पूजन अर्चन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

करीब छत्तीस दिनों की तीर्थ यात्रा से शुक्रवार को वापस लौटै तीर्थ यात्रियों का नगरागमन पर परिजनों एवं नागरिकों द्वारा ढोल ढमाकों एवं पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद सभी तीर्थयात्रियों ने अपने अपने घर पहुंचकर अपने साथ लाए गंगाजल की विधिवत पूजन अर्चन की। यहां उल्लेखनीय है कि नगर सहित आसपास के गांवों से दर्जनों तीर्थ यात्री सामूहिक तीर्थ यात्रा पर गए थे। इस दौरान तीर्थ यात्रियों ने चित्रकूट, प्रयागराज, काशी, अयोध्या, गोरखपुर, नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, जनकपुरी, सीतामढी, कामाख्या देवी, बाबा वैद्यनाथ धाम, गंगासागर, कलकत्ता, जगन्नाथ पुरी, श्री शैलम, मल्लिकार्जुन, मदुरै मीनाक्षी मंदिर, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, हम्पी, तिरूपति बालाजी, परली बैजनाथ धाम, घृष्णेश्वर महादेव, शनि शिंगनापुर, त्रयंबकेश्वर, नासिक, सोमनाथ, नागेश्वर, द्वारका, उज्जैन, ओमकारेश्वर, ओरछा, नेमीशरण, मथुरा, वृंदावन, सौरोजी आदि तीर्थ स्थानों का भ्रमण कर दर्शन एवं पुण्य स्नान किए। इस लंबी तीर्थ यात्रा से वापस लौटने पर तीर्थयात्रियों के परिजनों, शुभचिंतकों और परिचितों ने बरेठ रोड रघुवंशी धर्मशाला पहुंचकर तीर्थयात्रियों को पुष्पहार पहनाकर एवं उन पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। साथ ही घरों के बाहर भी रंगोली, दीपक आदि सजाकर उनकी अगवानी की गई। तीर्थयात्रियों को उनके परिजन ढोल ढमाकों के साथ पहले देव स्थान मंदिरों तक ले गए और उसके बाद उन्हें घर ले गए। जहां सभी ने उनके पैर पखारकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद तीर्थयात्रियों ने अपने साथ लाए पवित्र जल, गंगाजलि की विधिवत पूजन अर्चन की और सभी को प्रसादी वितरण किया गया।

## आईजा प्रदेशाध्यक्ष सैनानी ने गरीबों को बांटे गर्म कपड़े, फल और भोजन

# शांतिधारा और अभिषेक कर मदन मोहन दरबार में चढ़ाया अमनिया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव जन कल्याण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के जैन समाज के वरिष्ठ नेता हार्दिक हुण्डिया का जन्मदिन सिरोंज में धार्मिक विधि विधान,सेवा भाव के साथ बडें ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जैन मंदिर में पूजन, अभिषेक, शांति धारा, भक्तांबर पाठ का आयोजन किया गया। तो वही सिरोंज में विराजमान मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज से भी आर्शीवाद प्राप्त किया। तो वही नगर के प्रसिद्ध देवा धी देव मदन मोहन सरकार के दरबार में श्री हुंडिया के जन्मदिन के मौके पर अमनिया चढाया गया। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा हार्दिक हुण्डिया के जन्मदिन के अवसर पर नगर की गरीब बस्तियों में पहुचकर गरीबो को गर्म कपडें व मिठाई,फल का वितरण कर श्री हुण्डिया का जन्मदिन बडें ही धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुण्डिया के हम ह्रदय से अभारी है। उन्होने पूरे देश व प्रदेश के जैन पत्रकारो को एक प्लेटफार्म पर लाकर जो सम्मान दिलाया है उसके लिए सभी पत्रकार उनके आभारी है। क्योकि इससे पहले इन पत्रकारो को एक मंच पर कभी कोई लेकर नही आया जो कि हार्दिक हुण्डिया ने कर दिखाया। वही उन्होने कहा कि हार्दिक हुंडिया ने जो पूरे देश में जैन समाज को संगठित करने का बीडा उठाया है वह वास्तव में ही सराहनीय है और उन्हें इस कार्य में काफी सफलता भी मिली है।

### जन्मदिन केवल खुद के लिए जश्न मनाने का दिन नहीं

इस मौके पर आईजा के प्रदेश सचिव डॉ राजीव जैन बंटी ने कहा कि जन्मदिन केवल खुद के लिए जश्न मनाने का दिन नहीं, बल्कि अपनों के साथ-साथ उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का भी मौका है, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। गरीबों या जरूरतमंदों को याद करने के लिए किसी अनाथालय,वृद्धाश्रम या गरीब बस्तियों में बच्चों और जरूरतमंदों को भोजन कराए। सर्दी के मौसम में कंबल या कपड़े दान करना बहुत बड़ी मदद है। किसी गरीब बच्चे की फीस या स्टेशनरी का खर्च उठाएं। सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल या दवाइयां बांटे। अपने आस-पास काम करने वाले सफाई कर्मचारियों या दिहाड़ी मजदूरों को मिठाई और कपड़े भेंट करें। कहते हैं कि ह्वदीन-दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। जन्मदिन पर किया गया ऐसा नेक काम न केवल आपको आत्मिक खुशी देते बल्कि आपकी खुशियों को दोगुना कर देते है।

### जन्मदिन पर गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य

इस अवसर पर आईजा भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज ने कहा कि जन्मदिन केवल केक काटने और पार्टी करने का दिन नहीं, बल्कि अपने जीवन के एक और साल के पूरा होने पर ईश्वर का आभार जताने का एक सार्थक अवसर है। जन्मदिन पर गरीबों, जरूरतमंदों और अनाथ बच्चों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। किसी अनाथालय, वृद्धाश्रम या झुग्गी-झोपड़ी में जाकर भूखे लोगों को भोजन कराए फल और कपड़े वितरित करें। साथ ही वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए किताबें या स्टेशनरी दान करें। स्थानीय अस्पताल में मरीजों की मदद करें। केवल पैसे नहीं, बल्कि जरूरतमंदों या बुजुर्गों के साथ अपना समय बिताएं और उनके चेहरे पर मुस्कान लाएं। इस दिन एक पौधा लगाएं और उसे बड़ा करने का संकल्प लें। साथ ही बेजुबान जानवरों को खाना खिलाएं। गरीबों की मदद करने से मिलने वाली हार्दिक खुशी, दुआएं और आशीर्वाद जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देते हैं और आपके जन्मदिन को वास्तव में खास बना देते हैं। इस मौके पर आईजा के प्रदेश सचिव डॉ राजीव जैन बंटी,भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंज,आहान जैन सैनानी आदि मौजूद रहें।

# शासकीय मॉडल हाई सेकंडरी स्कूल में व्यसन मुक्ति कार्यक्रम हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शासकीय मॉडल हाई सेकेंडरी स्कूल में व्यसन मुक्ति का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यसन मुक्ति कार्यक्रम में विशेष तौर पर छात्र और छात्राओं और स्कूल के सभी स्टाफ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। तो वही राजयोगिनी बीके सरस्वती दीदी ने बच्चों को नशा मुक्त रहने की प्रेरणा दी गई और बच्चों को बताया कि अपनी विचारों को सशक्त बनाएं अपनी आत्मा ऊर्जा को सशक्त बनाएं समय निकालकर मेडिटेशन जरूर करें एकांत बस अपने जिससे हमारी आंतरिक ऊर्जा को हम समझ सके।

बच्चों को बताया जीवन में नैतिक मूल्यों को का होना बहुत आवश्यक है अगर हम रोज इस चीज का ध्यान रखें कि हम कैसे चित्रों को देखते हैं अगर हम चित्र अच्छा देखेंगे तो चरित्र भी हमारा बहुत श्रेष्ठ होगा।

मानव जीवन का लक्ष्य है न ऐसी करनी करें जो श्री नारायण बने न ऐसी करनी करें जो श्री लक्ष्मी के समान बने। जब ऐसे चित्र को देखकर हम अपने चरित्र का निर्माण करें तो हमारे जीवन में कोई भी व्यसन नहीं होगा। सभी बच्चों ने प्लास्टिक से दूर रहने की प्रतिज्ञा की अल्युमिनियम का उपयोग न करने की प्रतिज्ञा ली। इस मौके पर प्राचार्य जितेन्द्र बघेल, श्रीमति वर्षा श्रीवास्तव, राजेश भार्गव, कु. दीक्षा, हुमा मैडम, सीरत मैडम,श्रीमति आरती मैडम, श्रीमति भारती मैडम आदि मौजूद रही।

# वकील की हत्या करने वाले आठों आरोपियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई



**सिरोंज।** बहु चर्चित वकील हत्याकांड में आठ आरोपियों को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा सभी को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को तीन हजार रूपये के अर्थ दंड से दंडित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2022 को सैयद अनवर अली एडवोकेट निवासी पीरजाद पुरा सिरोंज के पुत्र सैयद मोहम्मद अली ने पुलिस थाना सिरोंज को रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे पिता एडवोकेट सैयद अनवर अली घर से खेत पर जाने का कहकर गए थे मैंने फोन लगाया तो मेरे पिता अनवर अली ने फोन नहीं उठाया मैं उन्हें देखने के लिए बासौदा रोड तरफ गया। तो आदर्श कॉलोनी के सामने गेट के पास मेरे पापा की मोटरसाइकिल खड़ी देखी तथा शाकिर मियां, हाजी मियां, जुगनू, नदीम, आशु, राजा, बिलाल, फहीम मेरे पापा के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर रहे थे। मैं चिल्लाया तो सभी भाग गए चिल्लाने पर बिजली विभाग के अंदर से दो-तीन कर्मचारी आए जिनकी मदद से मैंने पापा को जमीन से उठाया जिनके सिर में खून बह रहा था। जिनको मोटरसाइकिल से लेकर हेल्प एंड केयर हॉस्पिटल छत्री नाका के पास लेकर आया। मेरे पापा के सिर में चोट लगने के कारण खून निकल रहा था तथा पीठ में डंडों के निशान थें। उन लोगों की जमीन आज अटैचमेंट कर दी गई थी। जिसकी रंजिश के चलते इन लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर मेरे पिता की हत्या की है। मृतक वकील सैयद अनवर अली के बड़े पुत्र मोहम्मद अली की रिपोर्ट पर से थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 92/2022. धारा 147 148 149 302 भा,द,स, दर्ज किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। 4 साल की लंबी न्यायालय कार्यवाही के बाद सभी आठ आरोपियों को सिरोंज सेशन न्यायालय द्वारा बलवाकर वकील की हत्या की गई का दोषी पाते हुए सभी आठ आरोपियों को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक आरोपी को तीन हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया। वकील के हत्यारे अब सलाखों के पीछे हैं नगर सिरोंज में हुई अधिवक्ता सईद अनवर अली की हत्या एक सनसनी एवं बहुचर्चित मामला था। प्रकरण की विवेचना थाना सिरोंज में पदस्थ एएस आई के,एल त्रिपाठी थाना प्रभारी गिरीश दुबे द्वारा की गई थी।



### विविः बौद्धिक संपदा अधिकारों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना समय की आवश्यकता : डॉ. बेटकर

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर के शिक्षाशास्त्र विभाग में विभागीय अकादमिक फोरम के अंतर्गत "शिक्षा में अमूर्त संपत्तियों तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों की साक्षरता का संवर्धन" विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्लोबल विलेज कालेज, सोलापुर (महाराष्ट्र) के प्राचार्य डॉ. बेटकर एम. एम. मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रानी दुबे द्वारा मुख्य वक्ता के स्वागत से हुआ। अपने व्याख्यान में डॉ. बेटकर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों को भौतिक संपदा अधिकारों के समतुल्य बताते हुए कॉपीराइट एवं पेटेंट के विभिन्न प्रकारों पर सुस्पष्ट एवं सउदाहरण चर्चा की। उन्होंने पेटेंट ड्राफ्टिंग की प्रक्रिया, पेटेंट फाइलिंग के प्रकार तथा पेटेंट कराने की पात्रता को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही शिक्षा में पेटेंट के स्वरूप, शैक्षिक पेटेंट की महत्ता एवं उपयोगिता तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी। डॉ. बेटकर ने संपूर्ण व्याख्यान को शिक्षा-केंद्रित रखते हुए आकर्षक एवं तथ्यपरक प्रस्तुति के माध्यम से अध्यापकों एवं शोधार्थियों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों का संतोषजनक एवं तार्किक उत्तर दिया।कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन ने विभागीय अकादमिक फोरम की भूमिका को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में नवाचार को दी गई प्राथमिकता का उल्लेख किया। उन्होंने शोधार्थियों से समाज एवं राष्ट्रहित में शोध कार्य करने तथा अपने नवाचार में मौलिकता और व्यावहारिकता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# एक साल से हर माह 250 लोगों को दे रहे भोजन

**विदिशा।** शहर में युवा समाजसेवी देव जाटव मानवता की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। वे पिछले एक वर्ष से निरंतर जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने का सेवा कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से अब तक सैकड़ों गरीब, असहाय और बेसहारा लोगों को भोजन मिल चुका है। खास बात यह है कि देव जाटव हर माह लगभग 250 जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाते हैं। वे रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड, अस्पताल परिसर और झोपड़-पट्टियों में जाकर लोगों को भोजन वितरित करते हैं। इस अभियान में उनके साथी विवेक विश्वकर्मा और हर्ष साहू भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं तथा व्यवस्थाओं से लेकर वितरण तक सहयोग कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पहल युवाओं को सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित कर रही है। ऐसे प्रयासों से शहर में मानवीय मूल्यों को नई मजबूती मिल रही है।

## शासकीय जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया

**सागर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सागर विवेक के बी द्वारा शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सागर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, इस दौरान डाइट में संचालित डी.एल.एड. कक्षाओं का अवलोकन किया, कक्षाएं विधिवत संचालित पाई गई, कक्षा में योग विषय के कालखंड में छात्राध्यापकों से बात कर उन्हें आदर्श शिक्षक बनने प्रोत्साहित करते हुये कहा कि योग से तन स्वस्थ्य, मन शांत, आत्म विश्वास में बृद्धि, बुद्धि का विकास होता है जिससे हम जीवन की सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते है। तत्पश्चात संस्थान का भ्रमण किया गया।

### अंतिम चरणों में चल रहा भवन निर्माण


# वर्ष 2026 में मिलेगी राजस्व संयुक्त भवन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नया वर्ष 2026 नगर के लिए कई नई सौगातें लेकर आ रहा है। पुराने एसडीएम, तहसील, कार्यालय के स्थान पर 11 करोड़ से अधिक राशि से संयुक्त राजस्व भवन कार्यालय का निर्माण 15 महिनों में पूर्ण होना था। एक वर्ष विलम्ब से सही परन्तु अगले 3-4 माह में तीन मंजिला संयुक्त राजस्व भवन का निर्माण पूर्ण हो जाने की संभावना है।

जब म.प्र. राज्य बना था। तभी एसडीएम, तहसील, कार्यालय भवनों का निर्माण हुआ था। 60-70 वर्षो में भवन क्षतिग्रस्त जर्जर हो गए। भोपाल की एक कम्पनी द्वारा 3540 वर्ग मीटर में तीन मंजिला राजस्व संयुक्त भवन का निर्माण जारी है। पुराने सामुदायिक स्वा. केन्द्र भवन में पिछले एक डेढ़ वर्ष से एसडीएम एवं तहसील, कार्यालय लग रहे और अधिकारी बैठ रहे है।

एक ही भवन में होगें कार्यालय- राजस्व संयुक्त कार्यालय तीन मंजिला बन रहा है। जिसमें बीस से अधिक रूम होगें। सभी विभागों



एसडीएम, तहसील, नायव, तहसीलदार, सव रजिस्टर, उप पोषालय, राजस्व निरीक्षक, राजस्व रिकार्ड, नकलशाखा एवं नागरिक सेवाएं एक भवन की छत के नीचे लोगों को मिलेगी। जिससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों में चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी।

बैठक होल पटवारी कक्ष- निर्माणाधीन संयुक्त भवन में पटवारियों के बैठने के कक्ष होगें। इसी के साथ बहु उदेशीय हाल कम्प्यूटर कक्ष, अधिवक्ता कक्ष, मालखाना इत्यादि का द्वितीय तल पर निर्माण किया जा रहा है।

निर्माण कार्य की निरन्तर मानिट्रींग की जा रही है।

## सरस्वती शिशु मंदिर दीक्षांत समारोह संपन्न

**गढ़ाकोटा ।** सागर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल गढ़ाकोटा में अपनी द्वादश कक्षा का अध्ययन कर चुके भैया-बहनों के दीक्षांत (विदाई) समारोह आयोजन किया गया। जिसमे व्यवस्थापक एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने उपस्थित होकर संबोधित किया। सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले बच्चों का विद्यालय परिवार से एक गहरा नाता जुड़ जाता है गुरुवार के दिन द्वादश की शिक्षा पूर्ण कर चुके भैया बहनों द्वारा अपनी शिक्षा और विद्यालय परिवार से जुड़े भावुक और यादगार अनुभवों को सुनकर गर्व की अनुभूति हुई।

# हरी सब्जियों का बढ़ा उत्पादन आवक बढ़ने से नीचे गिरे दाम

## सब्जियों के भावों में गिरावट से आम आदमी को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



15-20 दिनों पूर्व तक जो टमाटर 40-60 रुपए किलो बिका करता था उसके भाव अब 20 रुपए किलो हो गए हैं। इसी के साथ अन्य हरी सब्जियों का लोकल में अधिकतर उत्पादन और प्रतिदिन मंडी में अच्छी आवक होने से सब्जी मंडी के साथ हाथ ठेलो पर भी सब्जियां कम भाव पर नगर के परिवारों को मिलने से खरीदारों को कम भाव होने से बड़ी राहत मिली है।

बरेली, बाड़ी तहसील के अलावा दो दर्जन ग्रामों में हरी सब्जियों की जमकर किसानों द्वारा खेती की जा रही है। पिछले महीने जनवरी तक अधिकतर हरी सब्जियां बाहर से आई थी। अब ग्रामों में पैदा हुई सब्जियों की नगर की थोक मंडी में भारी आवक होने से भाव में निरंतर गिरावट आ रही है।

टमाटर की व्यापक खेती -बाड़ी, बरेली तहसीलों के ग्रामों में सैकड़ो किसानों द्वारा हजारों एकड़ में ग्रीष्मकालीन टमाटर की खेती की जाती है। क्षेत्र में पैदा हुआ टमाटर प्रदेश और देश की मंडियों में धूम मचाता है। लोकल में टमाटर का जोरदार उत्पादन शुरू हो जाने से भाव में गिरावट आना शुरू हो गई है। इसी के साथ बैगन, फूलगोभी, पत्ता गोभी, हरी मिर्च, वलहर, पालक, मेथी की भाजी, हरी धनिया की भारी आवक होने से भाव में कमी हो गई है। भिंडी, गिलकी के भाव जरूर अधिक बने हुए हैं, क्योंकि इनका उत्पादन लोकल में कम हो रहा है।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जे ऍम फाइनेंसियल होम लोन्स लिमिटेड द्वारा श्री संजय अहिरवार पिता श्री महेश अहिरवार एवं श्री विजय कुमार अहिरवार पिता श्री महेश अहिरवार को गृह ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है इसके विरुद्ध श्री संजय अहिरवार पिता श्री महेश अहिरवार एवं श्री विजय कुमार अहिरवार पिता श्री महेश अहिरवार के स्वामित्व एवं आदिपत्य की संपत्ति खसरा संख्या 73/1/3/2/2 का भाग होकर पटवारी हल्का न. 64 ( पुराना 51) वार्ड न. 39 स्थित सावरिया सेठ कॉलोनी नई बस्ती टीला खेड़ी विदिशा उक्त संपत्ति का कुल छेत्रफल 1000 वर्ग फीट जिसको बंधक किया जा रहा है। उक्त संपचि के लिंक दस्तावेज विक्रय पत्र क्रमांक. 4762 दिनांक 27/3/2012, श्री आनंद लुगड़े पिता श्री श्यामराव द्वारा श्री दिनेश जाटव पिता श्री हरिराम जाटव के पक्ष में निष्पादित कही गुम हो गए है और खोजने पर भी नहीं मिले । यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वारिसान, बैंक वित्तीय संस्था इत्यादि का भार, बोझ, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यबहार में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 5 दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करे! उक्त समयावधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होकर मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक नहीं होगी !

**मेघा खाणोरकर** अभिभाषक
204, रत्नमणि काम्प्लेक्स बिहाइंड छप्पन दुकान, नई पलासिया, इंदौर (म.प्र.) मो.9054354984

# बादल हटे तो निकली तेज धूप, गिर रहीं ओस की बूंदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



फरवरी, फाल्गुन के महिनें में कोहरा छाने के साथ शीत लहर चलने से क्षेत्र के निवासी कांप रहे है। आसमान में छाये बादल हटने से दिन में तेज धूप, गर्मी तो रहती है परन्तु चल रही शीत लहर और ठण्डे मौसम का सामना करने गर्म कपड़ों का उपयोग जरूरी है।

दिन और रात का तापमान सामान्य से कम बना हुआ है। जिसका व्यापक असर लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है। सुबह और रात में कोहरा छाने के साथ ओस भी जमकर गिर रही है। ओस की बूदें और नमी बाइक की सीटों, चार पहिया वाहनों की वाडी, कांच पर एवं टीन की चादरों पर दिखलाई देती है। सुबह-सुबह कोहरा धुंध के कारण बिना लाइट जलाए वाहन चलाना जोखिम भरा बन रहा है।

फल्गुन के महिनें में तेज धुप गर्मी और पसीना निकलने लगता था। इसके ठीक विपरीत स्थिति बनी हुई है।

# किसानों के द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा रासायनिक खादों का भारी उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र में हजारों किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों के साथ हरी सब्जियों की व्यापक स्तर पर खेती में रासायनिक खादों का जमकर उपयोग किया जाता है, क्षेत्र के किसान प्रतिवर्ष खाद की समस्या से जूझते हैं। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार समय पर खाद न मिलने की समस्याओं से जूझना मजबूरी बना रहता है।

कृषि उपज मंडी में बरसों पूर्व किसानों की सुविधा के लिए मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का निर्माण और उपकरण भी आ गए,कर्मचारी ना होने से प्रयोगशाला प्रारंभ ना होने के साथ वर्षों से बंद बनी हुई है।



उपकरण भी वर्षों तक उपयोग न होने से कबाड़ में तब्दील हो गए, पिछले वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं निजी हाथों में सौंपने की योजना तैयार घोषणा से उम्मीद बनी थी कि अब किसानों को अपने खेतों की मिट्टी परीक्षण कराने भूमि में किन तत्वों की कमी और अधिकता है। कितनी खाद का किस मात्रा में उपयोग करना और भूमि की सेहत का सही पता चल पाएगा, परंतु क्षेत्र के हजारों किसान मिट्टी परीक्षण की सुविधा से वंचित ही बने हुए हैं।

### खाद का सही मात्रा में उपयोग जरूरी

किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों की खेती कर लाखों कुंटल धान, गेहूं और मूंग का उत्पादन किया जा रहा है। भूमि की उर्वरक शक्ति निरंतर कम हो रही है महंगी और बमुश्किल से मिलने वाली रासायनिक खादों का किसानों द्वारा समुचित मात्रा के स्थान पर अनुमान और मनमाने ढंग से उपयोग किए जाने से जहां किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है वही उपयोग की गई खादों का फसलों को लाभ भी न मिलने की स्थिति बनती है।

**नाम परिर्वतन सूचना**

मैं अंजलि श्रीवास उर्फ कनक सराठे पिता गोविंद श्रीवास आयू 25 वर्ष निवासी मकान नंबर 103 शक्ति नगर कॉलोनी छोला नाका दाल मिल के पीछे भोपाल म.प्र. की निवासी हूं। मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ। मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम विदिशा में पॉलिसी ली गई थी जिसका नंबर 352100759 है, जो कि मैचयोर हो गई है। मेरा नाम अंजली श्रीवास उर्फ कनक सराठे है एवं मुझे दोनों नाम से जानना व पहचाना जाता है तथा मेरे परिवार में उक्त नाम की मैं एकमात्र महिला हूं। शपथ पत्र क्रमांक BZ 874281

Accredited by NAAC With "B" Grade

Phone & Fax: 07592-234553
E-mail: heggcvid@mp.gov.in

**कार्यालय प्राचार्य, राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या (अग्रणी) स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक / रूसा/नोडल / 385/26 विदिशा दिनांक 06/02/26

**।। निविदा प्रकाशन ।।**

रूसा - 02 परियोजना अंतर्गत (कम्पोनेंट - 06) एवं प्रयोगशाला उन्नयन योजना क्रमांक 5765 के तहत राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा के लिये शासन के एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से प्रयोगशाला उपकरण एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने हेतु निविदा क्रमांक 2026_HED_480771_1 दिनांक 07.02.2026 को प्रकाशित की गई है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 23.02.2026 है।

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाऐं एम.पी. टेंडर पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते हैं। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

**डॉ. बी.डी. अहिरवार**
प्राचार्य
रा.वि.सि.शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विदिशा

## खबर संक्षेप

### इलियास बने मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष

**रायसेन।** मुस्लिम समाज की प्रमुख संस्था मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष पद पर पत्रकार इलियास खान का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया कमेटी के पूर्व अध्यक्षों की वोटिंग के जरिए संपन्न हुई, जिसमें इलियास खान को बहुमत से समर्थन मिला। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में आयोजित की गई।पूर्व अध्यक्षों व वरिष्ठ सदस्यों ने सर्वसम्मति से इलियास खान पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष चुने जाने के बाद समाजजनों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय इलियास खान को समाज में उनकी साफ-सुथरी छवि, निष्पक्ष सोच और संगठनात्मक क्षमता के लिए जाना जाता है। उनके चयन से मुस्लिम समाज में उत्साह और सकारात्मक संदेश देखने को मिला है। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के बाद इलियास खान ने पूर्व अध्यक्षों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मुस्लिम त्योहारों के आयोजन को और अधिक व्यवस्थित, अनुशासित और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर कमेटी के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।



## वाहन चालक, राहगीर और आसपास के रहवासी प्रतिदिन जोखिम उठाने मजबूर

# बिजली पोल खड़े कर जिम्मेदार भूल गए लाइट लगाना, सड़क पर पसरा अंधकार

**स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने की मांग- जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल भोपाल रोड़ पर दरगाह शरीफ रपटे से लेकर सागर–भोपाल तिराहे तक करीब दो साल पहले बिजली के पोल तो जिम्मेदारों द्वारा खड़े कर दिए गए। लेकिन स्ट्रीट लाइट लगाना शायद जिम्मेदार भूल ही गए। नतीजा यह है कि शाम ढलते ही रायसेन–भोपाल सड़क अंधेरे की चपेट में आ जाती है। वाहन चालक, राहगीर और आसपास के रहवासी रोजाना जोखिम उठाने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय सड़क पर सामने से आने वाला वाहन आखिरी वक्त में दिखाई देता है। कई जगह गड्ढे और उखड़ी सड़क दुर्घटना को न्यौता दे रही है। बारिश के बाद हालात और बद से बदतर हो जाते हैं। ड्रेनेज सिस्टम की अनदेखी के चलते सड़क किनारे पानी भर जाता है, जिससे दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है।

हैरानी की बात यह है कि काम पूरा होने के बाद ठेकेदार राजेंद्र गर्ग ने दोबारा पलटकर कभी नहीं देखा। पोल लगने के बाद न तो लाइटें चालू हुईं और न ही सड़क सुधार का काम आगे बढ़ा। जिम्मेदार विभागों की खामोशी पर भी लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतों के बावजूद अब तक न तो निरीक्षण हुआ और न ही कोई ठोस कार्रवाई।

### सफाई व्यवस्था राम भरोसे....

साफ-सफाई व्यवस्था भी राम भरोसे है। नाले नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी सड़क पर फैल जाती है। दुर्गंध और कीचड़ से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय व्यापारियों संदीप मोंगिया, राजू शुक्ला,नसीम खान, शहबार खान का कहना है कि अंधेरे और खराब सड़क के कारण ग्राहक भी समय से पहले लौट जाते हैं। जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है।

### जिम्मेदार विभागों की खामोशी पर भी लगातार खड़े हो रहे हैं सवाल







### जल्द लगें स्ट्रीट लाइटें

स्थानीय नागरिकों , वाहन चालकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं। सड़क की मरम्मत हो और ड्रेनेज व सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। ताकि अंधेरे और बदहाली से लोगों को राहत मिल सके। लगातार
क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका परिषद और संबंधित विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद न तो नालियों की सफाई कराई जा रही है और न ही सड़क की मरम्मत की कोई ठोस पहल हो रही है। नागरिकों ने मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच हो, ताकि दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। बहरहाल अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कब ध्यान देते हैं और शहरवासियों को राहत मिलती है या नहीं।

### बदहाल हो चुकी सड़क की भी जल्द कराई जाए मरम्मत

रायसेन से दरगाह शरीफ को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। यह सड़क कुछ समय पहले ही ठेकेदार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई थी, लेकिन घटिया निर्माण कार्य के चलते अब जगह-जगह से डामर उखड़ने लगा है और गिट्टियां बाहर आ गई हैं। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या यहीं तक सीमित नहीं है। सड़क के दोनों ओर बनी नालियों और नालों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी जमा हो गई है। नालियों में कचरा भरा रहने से बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है। गंदा पानी सड़क पर फैलने से कीचड़ और बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। आसपास के रहवासी संक्रामक बीमारियों की आशंका भी जता रहे हैं।

### शाम को सड़क पर अंधेरा कायम



सांझ ढलते ही भोपाल रायसेन सड़क पर अंधेरा छा जाता है। जिससे सड़क दुर्घटनाएं बढ़ने की संभावनाएं बनीं रहती हैं। इन बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को जल्द चालू कराया जाए।
– **नेपाल सिंह राठौर,** अनाज व्यापारी।

### लंबे समय से बंद पड़ी लाइटें



भोपाल रायसेन रोड़ की स्ट्रीट लगभग दो सालों से बंद है। जिससे शाम होते ही सड़क पर अंधेरे का साम्राज्य छा जाता है। अंधेरे कायम रहने से घरों में चोरियों की वारदातें बढ़ रही हैं।
– **अनिल श्रीवास्तव,** नागरिक।

### हैंडओवर नहीं किया...

भोपाल रोड़ की स्ट्रीट लाइट पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा हैंडओवर नहीं किया। इसीलिए हैंडओवर प्रक्रिया अधर में लटक जाने से चालू नहीं हो पा रही हैं। नियमानुसार बिजली मीटर लगवाकर स्ट्रीट लाइट हैंडओवर की जाना है।
- **श्रीमति सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष रायसेन।

## सिद्धि विनायक वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सिद्धि विनायक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आरबीएस स्कूल ग्राम पीथनपुर में योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों व ग्रामीणों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर तिलक लगाकर, फूलमालाएं अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात योग सत्र की शुरुआत हुई। जिसमें पूर्व योग प्रशिक्षक प्रीति रुसिया एवं उनकी टीम ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां कराईं।





इस अवसर पर आर.बी.एस शाला स्टाफ से श्रीमती ताहिरा सुल्तान, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षक ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि "योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करता है। नियमित योग अभ्यास से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है।" उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ योग को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।

## करुणा सागर श्रीसाईं राम मंदिर में भंडारा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल–विदिशा हाईवे 18 स्थित फैक्ट्री चौराहे के पास बने करुणा सागर श्री साईं राम मंदिर में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। करुणा सागर श्री साईं राम मंदिर 9 वर्ष पहले हाईवे 18 फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज के पास बनाया गया था कार्यक्रम में आसपास के गांवों एवं क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था तथा सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन चलता रहा। इसके बाद भंडारे में सभी श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन समिति और ग्रामीणों ने मिलकर व्यवस्थाएं संभाली, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफल रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर स्थापना दिवस पर हर वर्ष इसी तरह भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### गैरतगंज में आयोजित हुआ संकल्प से समाधान शिविर

**गैरतगंज।** शासन की 'संकल्प से समाधान' योजना के अंतर्गत नगर के चौक बाजार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सीधे पहुँचाना रहा।

शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं और लंबित कार्यों को लेकर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ लोगों की बातें सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कई पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखाई दी। शिविर में शासन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला।

## लवाझिर के पटी मानक चौक में विधायक चौधरी ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

क्षेत्रीय विकास को नई गति देते हुए क्षेत्रीय विधायक प्रभुराम चौधरी ने ग्राम पंचायत लवाझिर के पटी मानक चौक स्थित सिद्ध धाम मंदिर परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में लाखों रुपये की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भारी जनसमूह उमड़ा, जहाँ विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक चौधरी ने लवाझिर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों की सूक्ष्मता से समीक्षा की। उन्होंने जनहित के कार्यों को समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए सरपंच सीताराम शिल्पी, सचिव वकील



सिंह ठाकुर और सहायक सचिव पटेल सिंह गुर्जर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक टीम सेवा भाव से कार्य करती है, तो गाँव की तस्वीर बदल जाती है।

जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

विधायक ने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में लवाझिर सहित पूरे क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं, सड़कों और सौंदर्यीकरण के कार्यों में और तेजी लाई जाएगी।

## चना-गेहूं की खड़ी फसल जली, सर्वे और मुआवजे की उठाई मांग

# किसानों का आरोप- फैक्ट्रियों से गैस का रिसाव होने से खेत में खड़ी फसलों को हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीवानगंज सहित आसपास के कई किसानों की फसल गुरुवार-शुक्र वार देर रात अचानक खड़ी चना और गेहूं की फसल जलने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सुबह खेतों में जली हुई फसल देखकर किसानों में आक्रोश फैल गया।

क्षेत्र के पीड़ित किसानों का आरोप है कि आसपास संचालित फैक्ट्रियों से रात के समय निकली गैस के कारण उनकी फसल जलकर खराब हो गई।

किसानों का कहना है कि देर रात खेतों के आसपास तेज बदबू और धुआं महसूस हुआ, जिसके बाद सुबह खेतों में फसल जली हुई मिली। कई किसानों ने बताया कि उनकी महीनों की मेहनत और लागत एक ही रात में बर्बाद हो गई, जिससे आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। राजकुमार साहू ने बताया कि मेरी गेहूं की फसल सफेद पड़ गई है गेहूं में पहले ही वाले निकल आई थी।



### चना फसल जली

कल दिन में फसल ठीक-ठाक थी सुबह जाकर देखा तो मेरे खेत की 8 एकड़ में चना की फसल जल चुकी थी। - **अमर सिंह मीणा,** किसान देहरी।

### फसल की बालें जलीं

मैंने 6 एकड़ में गेहूं की फसल बोई हैं। पूरे खेत में गेहूं की फसल में बाल आ चुकी हैं। लेकिन पूरे खेत में गेहूं की फसल की वाले सफेद हो चुकी थी।
– **राजकुमार साहू,** किसान दीवानगंज

### क्षेत्र के इन किसानों की फसलें हुई खराब

किसान अमर सिंह मीणा चना 8 एकड़, राजकुमार साहू गेहूँ 6 एकड़, शरद साहू 3 एकड़, किशोरी लाल साहू 5 एकड़, भगवान नायक 3 एकड़, गणेश राम मीणा 8 एकड़, जमना साहू 12 एकड़, वीरेंदर अजमेरा 4 एकड़, रमेश कुशवाह 1 एकड़, तरुण साहू 5 एकड़, नर्मदा साहू 4 एकड़, महेश साहू 5 एकड़ सहित अन्य किसानों की फसलों को भी नुकसान हुआ है। घटना के बाद ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर जांच और सर्वे कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि फैक्ट्री की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## भागवत कथा में गूंजे श्रीकृष्ण बाल लीलाओं के प्रसंग, गोवर्धन पूजा का हुआ वर्णन

# गलत कर्म अंततः मनुष्य को दुख और पतन की ओर ले जाते हैं: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंचल के ग्राम देवरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिवस शुक्रवार को कथा व्यास पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सत्कर्म का महत्व बताते हुए कहा कि यदि मनुष्य देवता नहीं बन सकता तो कम से कम सत्कर्म करके सच्चा मनुष्य बनने का प्रयास अवश्य करे। उन्होंने कहा कि वर्तमान कलयुग में लोग अक्सर कहते हैं कि कर्म ही पूजा है, जबकि वास्तविकता यह है कि हर कर्म पूजा नहीं होता। जब तक कर्म भगवान के प्रति समर्पित और समाजहित में नहीं होगा, तब तक वह पूजा नहीं कहलाएगा।

कथावाचक ने अपने प्रवचन में बताया कि मनुष्य आज संसार के मोह-माया में उलझकर तेरा-मेरा के भेद में फंस चुका है और यही कारण है कि जीवन में अशांति और कलह बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि संसार में यदि कुछ शाश्वत है तो वह केवल भगवान राम और श्रीकृष्ण का नाम है। बाकी सब नश्वर है, लेकिन मनुष्य इस सत्य को समझने का प्रयास नहीं कर रहा और निरंतर भटक रहा है।

उन्होंने कहा कि गलत कर्म अंततः मनुष्य को दुख और पतन की ओर ले जाते हैं, जबकि सच्चे और भगवान को समर्पित कर्म मनुष्य को परमात्मा से मिलाते हैं।



### श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सरलता, प्रेम और निस्वार्थ भक्ति का संदेश देती हैं

कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें पूतना वध, माखन चोरी, कालिया नाग दमन और गोवर्धन पर्वत धारण करने जैसे प्रसंगों को सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें सरलता, प्रेम और निस्वार्थ भक्ति का संदेश देती हैं।

गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रसंग मनुष्य को अहंकार त्यागने और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ते हुए गोवर्धन पर्वत उठाकर लोगों को यह सिखाया कि प्रकृति की पूजा और संरक्षण करना ही सच्ची श्रद्धा है। कथा में गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग का भव्य वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो गए।

यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा, जहां भजन.कीर्तन और प्रभु नाम के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। ।

### श्रीमद् भागवत कथा तीन प्रकार से करती है कल्याण

पंडित शास्त्री ने भजन और नाम-स्मरण की महिमा बताते हुए कहा कि भजन में अपार शक्ति है। हर व्यक्ति को दिन में कुछ समय निकालकर नाम-कीर्तन करना चाहिए। थोड़ा सा समय प्रभु के नाम पर समर्पित किया जाए तो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य आता है और मनुष्य के भीतर शांति और संतोष का भाव जागृत होता है।

पंडित शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा 3 प्रकार से कल्याण करती है। पहला, कथा से संबंधित प्रश्न करने वाले का, दूसरा कथा कहने वाले का, और तीसरा कथा श्रवण करने वाले का। उन्होंने कहा कि प्राणी चाहे कितना भी पापी क्यों न हो, यदि वह सच्चे मन से भगवान की शरण में चला जाए तो उसे भगवत धाम की प्राप्ति होती है।

## निजी गार्डन के बाहर हुई वारदात

# दूल्हे के दोस्त ने की फायरिंग 4 घायल, 2 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में पाटनदेव स्थित एक मैरिज गार्डन में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का खौफनाक मामला सामने आया है। दूल्हे के एक दोस्त ने डीजे की आवाज में खाली फायर की जगह असली गोलियां चला दीं। इस लापरवाही भरे कृत्य में चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो युवक गंभीर बताए जा रहे हैं। वहीं एक नाबालिग बच्चे के पैर में गोली के छर्रे लगे हैं। दो गंभीर घायल लोगों को इलाज के लिए भोपाल भेजा गया है।

घटना देर रात की बताई जा रही है, भोपाल से आई दलित परिवार की पाटनदेव स्थित एक मैरिज में जब बारात में डीजे की धुन पर नाच-गाना चल रहा था। इसी दौरान आरोपी ने खुलेआम बंदूक निकालकर हवा में फायरिंग शुरू कर दी। अचानक चली गोलियों से अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग जान बचाकर इधर-उधर भागे। गोली लगने से दो युवक जमीन पर गिर पड़े, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एक बच्चे के पैर में छर्रे लगने से वह भी घायल हो गया।

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के मुताबिक, दो युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि अन्य दो घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की पहचान कर विदिशा से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने शादी में 'शौकिया' फायरिंग की।